कैप्टन अमरिंदर सिंह ने ली पंजाब सीएम पद की शपथ, सिद्धू बने मंत्री

राष्ट्रीय खबर

कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है. वह पंजाब के 26वें मुख्यमंत्री बन गए हैं.

- कैप्टन के ठीक बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने शपथ ली. सिद्धू बीजेपी का साथ छोड़ने के बाद कांग्रेस में आए हैं.
- उन्होंने अमृतसर ईस्ट से बीजेपी उम्मीदवार को हराया था. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और 6 बार के एमएलए ब्रह्म मोहिंद्रा ने भी मंत्री पद की शपथ ली.
- मनप्रीत सिंह बादल को पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया. साधु सिंह धरमसोत भी कैबिनेट मंत्री बने.
- चार बार के विधायक तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा को कैबिनेट मिनिस्टर के रूप में शपथ दिलाई गई है.
- गुरजीत सिंह औजला को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. इसके अलावा दो महिलाओं को भी जगह दी गई है. अरुणा चौधरी और रज़िया सुल्ताना स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री बनाया गया है.
- शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह शामिल हुए.
- इसके अलावा राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला भी शामिल थे.

सबसे बड़े इंटरनेशनल इंजीनियरिंग सोर्सिंग शो का चेन्नई में शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

विश्व स्तर पर छायी आर्थिक सुस्ती और कुछ प्रमुख देशों में संरक्षणवाद को बढ़ावा दिये जाने की प्रवृत्ति के बावजूद भारत चेन्नई में आयोजित इंटरनेशनल इंजीनियरिंग सोर्सिंग शो (आईईएसएस) के छठे संस्करण में शिरकत कर रही शीर्ष विदेशी कंपनियों के समक्ष अपनी तकनीकी एवं इंजीनियरिंग क्षमता को प्रदर्शित करने को तैयार है।

- आईईएसएस VI का शुभारंभ आज अर्थात 16 मार्च को हुआ। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अनेक महत्वपूर्ण व्यावसायिक सौदे होने की आशा है।

- चेन्नई में आईईएसएस VI का उद्घाटन 16 मार्च 2017 को एक रंगारंग समारोह में भारत सरकार की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया। रूसी संघ के व्यापार एवं उद्योग मंत्री श्री डेनिस मंतुरोव, भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग में सचिव श्री गिरीश शंकर, तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव श्री मंगत राम शर्मा, ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष श्री टी एस भसीन और वाणिज्य मंत्रालय एवं ईईपीसी इंडिया के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
- इस प्रदर्शनी के उद्घाटन से पहले श्रीमती सीतारमण और श्री मंतुरोव के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक हुई जिसमें अनेक द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चाएं हुईं।
- उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने की असीम संभावनाएं हैं, जो वर्तमान में 6.62 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) को जल्द चालू करने के मुद्दे पर भी चर्चा की जिससे दोनों देशों के बीच वस्तुओं की ढुलाई में लगने वाले समय के साथ-साथ लागत में भी काफी कमी संभव हो पायेगी।
- एक संशोधित द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने की जरूरत को भी इस बैठक के दौरान रेखांकित किया गया। श्रीमती सीतारमण ने रूस को भी जुलाई 2017 में मुंबई में आयोजित किये जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो 2017 में भागीदार देश के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।
- 400 शीर्ष वैश्विक प्रदर्शक और 500 से भी ज्यादा विदेशी प्रतिनिधि इस प्रमुख इंजीनियरिंग प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं जिसकी थीम " स्मार्ट इंजीनियरिंग के लिए स्मार्ट टेक" है।
- केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अलावा केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शोध विभाग भी इस शो को अपनी और से समर्थन प्रदान कर रहे हैं।

मार्च से अक्टूबर 2017 तक उक्रेन में भारत महोत्सव का आयोजन

मार्च-अक्टूबर,2017 तक उक्रेन में भारत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

- महोत्सव में भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को दिखाया जाएगा। इसमें शास्त्रीय और लोक नृत्य , संगीत, रंगोली प्रदर्शनी, आम उत्सव और फिल्म समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- उक्रेन के विभिन्न शहरों- काइव, आडोसा, माईकोलेव,खेरसन,एलवीव, इवानो, फ्रैंकीविस्क तथा टेरनोपिल- में योग पर संगोष्ठी और फैशन शो आयोजित किए जाएंगे। भारत महोत्सव में निम्नलिखित कार्यक्रम होंगे:

अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

- 8-14 मार्च विधा लाल समूह द्वारा कथक नृत्य।
- 21-27 जून 2017 पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केन्द्र द्वारा लोक नृत्य।
- जून 2017 में आयुष मंत्रालय के माध्यम से योग संगोष्ठी।
- जून 2017 में एपीईडीए के माध्यम से आम उत्सव।
- 15-19 अगस्त 2017 ऋतु कौशिक द्वारा रंगोली प्रदर्शन।
- सितम्बर/ अक्टूबर 2017 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से भारतीय फिल्मों और वृत्त चित्रों का प्रदर्शन।
- सितम्बर/ अक्टूबर 2017 में वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से उक्रेन फैशन सप्ताह में भारतीय कलाकारों की भागीदारी।
- सितम्बर/ अक्टूबर 2017 में विश्व मामलों की भारतीय परिषद द्वारा थींक टैंक संगोष्ठी।
- 2 अक्टूबर 2017 को ''गांधी'' फिल्म दिखाना।
- 19-23 अक्टूबर 2017 पंडित केशब कांति चौधरी द्वारा शास्त्रीय संगीत कन्सर्ट।

नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की

अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री श्री बिमलेंद्र निधि ने आज यहां गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

- श्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में भारत-नेपाल सीमा पर हाल ही में हुई नेपाली नागरिक की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।
- उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करवाएगी तथा नेपाल सरकार के साथ सहयोग कर सच जानने की कोशिश करेगी।
- श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां भी भू-भाग के नक्शे (स्ट्रिप मैप) को अंतिम रूप दिया गया है, उस पर जल्द से जल्द संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाने चाहिए।
- श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा और सीमा सहयोग सहित कई क्षेत्रों में मित्रवत और परिवार जैसे संबंध हैं।
- श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अनजाने में भी अगर कोई घटना घटती है तो दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त परीक्षण और जांच के जरिए मामले को निपटाना चाहिए।
- गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के महानिदेशक और नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के महानिदेशक के बीच नियमित बैठकें करने का भी आग्रह किया।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को लागू करने में चुनौतियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त के कार्यालय ने आज यहां दिव्यांगजन अधिकार लागू करने में चुनौतियों के विषय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया ताकि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को कारगर तरीके से लागू करने की योजना बनाई जा सके और भारत के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अधिनियम को व्यापक रूप से लागू करने की बेहतरीन रणनीति तय की जा सके।

- संगोष्ठी का उद्घाटन दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग के सचिव श्री एनएस कंग ने किया।
- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को संसद द्वारा शीतकालीन सत्र में 14 दिसम्बर 2016 को पारित किया गया और अधिनियम 28 दिसम्बर 2016 को अधिसूचित हुआ। इस अधिनियम में दिव्यांगजनों के अधिकारों और विशेष अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक प्रावधान हैं।
- इन प्रावधानों में सेवाओं में आरक्षण बढ़ाना और अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगता की अतिरिक्त 14 श्रेणीयों को शामिल करना है। इन 14 श्रेणियों में ऐसिड अटैक पीडित, थेलसेमिया, हिमोफीलिया, बौनापन, सीखने की असमर्थता और पारकिंसन बीमारी हैं।
- नये प्रावधान और दिव्यांगता की श्रेणियां 2007 के संयुक्त राष्ट्र समझौता की सिफारिशों के अनुरूप तय की गई हैं। भारत ने इन सिफारिशों पर हस्ताक्षर किया है।
- इस अवसर पर श्री कंग ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अधिनियम में शामिल किये गये प्रावधानों और सुविधाओं पर प्रकाश डाला और दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और विशेषाधिकारों का पूरी तरह समर्थन कर राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने के बारे में समाज में जागरूकता पैदा करने पर बन दिया।
- उन्होंने स्वयं सेवी संगठनों से इस कार्य के लिए आगे आने और इस अधिनियम को सफलता मिशन बनाने में योगदान करने का आग्रह किया।
- नेशनल ट्रस्ट के सीईओ मुकेश जैन ने अधिनियम में दिव्यांगजन के लिए विभिन्न प्रावधानों संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और विशेषाधिकारों की चर्चा की। उन्होंने इस कार्य में अग्रणी कदम उठाने के लिए सीसीपीडी के प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रीय खबर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के नए अध्यक्ष और दो सदस्यों ने आज पदभार संभाला

नियुक्ति

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनहर वालजी भाई जाला के साथ-साथ दो सदस्यों श्रीमती मंजू दिलर और श्री दलीप कल्लू हैथिबैड ने भी आज यहां पदभार संभाला।

- नए अध्यक्ष और सदस्यों का स्वागत करते हुए आयोग के सचिव श्री नारायण दास ने कहा कि आयोग अब कहीं ज्यादा प्रभावकारी तरीके से काम कर सकता है क्योंकि अध्यक्ष और सदस्यों के पद पिछले लगभग एक साल से खाली पड़े थे।
- पूरे देश में सफाई कर्मचारी नए अध्यक्ष और सदस्यों का उत्सुकता से इंतजार करते रहे हैं, ताकि वे अपनी शिकायतें उनके समक्ष रख सकें।
- सरकार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त करते हुए नए अध्यक्ष श्री जाला ने इस अवसर पर उपस्थित सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनके साथ-साथ उनकी नई टीम यह अवश्य ही सुनिश्चित करेगी कि उनकी सामाजिक-आर्थिक एवं कामकाज की स्थितियों को प्रभावित करने वाले मसलों को सही मायनों में सुलझाया जा सके।
- उन्होंने यह भी कहा कि नया आयोग इस बात पर गौर करेगा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पुनर्वास एवं कल्याण योजनाओं के लाभ इनके लक्षित लाभार्थियों तक जरूर पहुंच जायें।

उमा भारती ने किया स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री सुश्री उमा भारती ने आज नई दिल्ली में अपने मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिला कर स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ किया।

- इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार स्वच्छता के प्रति गंभीर है और अब हर व्यक्ति इस बारे में जागरूक होने लगा है।
- उन्होंने कहा कि विश्व के जो देश स्वच्छ हैं, वहां के नागरिक स्वच्छता के प्रति विशेष सजक होते हैं।

- उन्होने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि वे अपने कार्यालय, अपने घर मोहल्ले से स्वच्छता की शुरूआत करें एवं सप्ताह में कम से कम दो घंटे श्रमदान करें।
- स्वच्छता पखवाडे के शुभारंभ के साथ ही आज संगम, इलाहाबाद एवं देवप्रयाग, उत्तराखंड में श्रमदान एवं स्वच्छ संदेश रैली आयोजित की गई।
- राजस्थान के नीमराना, महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले एवं रूडकी में मंत्रालय की विभिन्न ईकाइयों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गए।
- 31 मार्च तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाडे के दौरान राजस्थान, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पश्चिमबंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, उडीसा, पंजाब, असम, मणिपुर, केरल और झारखंड के 200 जलाशयों एवं उनके आसपास स्थानों पर स्वच्छता एवं जागकरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।
- इन कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, औदयोगिक समूहों एवं स्थानीय संगठनों का सहयोग लिया जायेगा।
- ये कार्यक्रम मंत्रालय की विभिन्न ईकाइयों एवं उपक्रम यथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा वेपकॉस समेत मंत्रालय के अन्य विभागों की ओर से आयोजित किये जा रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा सफलतापूर्वक मनाया गया

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ साथ देश भर में 1 मार्च, 2017 से 15 मार्च, 2017 के बीच स्वच्छता पखवाड़ा मनाया।

- स्वच्छता पखवाड़ा के सफल समापन के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव सुश्री लीना नायर ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों की स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
- नई दिल्ली में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन के अवसर पर पीने का पानी एवं स्वच्छता मंत्रालय में सचिव श्री परमेश्वरन भी उपस्थित थे।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाये गए स्वच्छता पखवाड़े की विषय वस्तु देश भर में स्वच्छता जागरूकता एवं कार्यान्वयन का प्रसार था जिसमें फोकस समुदाय केन्द्रित स्वच्छता पहलों के लिए महिलाओं एवं बच्चों के नेतृत्व की भूमिका पर था।
- सुश्री लीना नायर ने कहा कि ऐसा महसूस किया गया है कि सफाई एवं स्वच्छता की कमी का महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, मर्यादा, शिक्षा एवं आजीविका

राष्ट्रीय खबर

पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव सुश्री लीना नायर ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित, स्वस्थ, साफ एवं हरित वातावरण का सृजन करने के लिए साफ एवं सुरक्षित वातावरण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं हाथ की सफाई करने समेत अच्छे प्रचलनों पर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने के द्वारा अच्छा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुनिश्चित करना और उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए अंदर और बाहर दोनों तरीके से पूरी तरह स्वच्छता पर जोर देना रहा है।